राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

पीठासीन अधिकारी – राजपाल यादव, आर.ए.एस.

मुकदमा नंम्बर– 181 / 2020

देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह उम्र 40 वर्ष जाति अहीर निवासी खौह तहसील मानेसर जिला गुरूग्राम (हरियाणा)

.... प्रार्थी

ब–ना–म

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, खेतड़ी, जिला झुन्झुनू (राज)

..........अप्रार्थी

प्रार्थन पत्र – नाम दुरूस्ती

निर्णय **दिनांक 23–03–2021**

प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि वाके ग्राम श्रीकृष्णनगर स्थित जमाबन्दी सम्वत् 2076 लगायत 2079 के खाता संख्या 21 में प्रार्थी का पता देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपालसिंह जाति अहीर (यादव) सा. खौट के स्थान पर देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह जाति अहीर निवासी खौह तहसील मानेसर जिला गुरूग्राम (हरियाणा) दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। राज पैरोकार नायब तहसीलदार खेतड़ी ने उपस्थित होकर प्रार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने पर अपनी सहमती व्यक्त की।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य अभिलेख में नकल जमाबंदी संवत् 2076–79 खाता सं. 21 ग्राम श्रीकृष्णनगर पेश की गई।

बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात एवं प्रार्थना पत्र के अभिवचनों का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। राजस्व ग्राम श्रीकृष्णनगर स्थित जमाबन्दी सम्वत् 2076 लगायत 2079 के खाता संख्या 21 में प्रार्थी का पता देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपालसिंह जाति अहीर (यादव) सा. खौट के स्थान पर देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह जाति अहीर निवासी खौह तहसील मानेसर जिला गुरूग्राम (हरियाणा) दुरूस्त किया जाना न्यायोचित पाया जाता है। यदि उक्त भूमि रहन हो तो भूमि रहन मुक्त होने के उपरान्त ही निर्णय की पालना की जावे।

आदेश

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम श्रीकृष्णनगर स्थित जमाबन्दी सम्वत् 2076 लगायत 2079 के खाता संख्या 21 में प्रार्थी का पता देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपालसिंह जाति अहीर (यादव) सा. खौट के स्थान पर देवेन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह जाति अहीर निवासी खौह तहसील मानेसर जिला गुरूग्राम (हरियाणा) दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार खेतड़ी को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 23–03–2021 को न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajpal Yadav
Date: 2021.03.24 16:28:19 IST
Reason: SelfAttested

(राजपाल यादव)
उपखण्ड अधिकारी
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी
खेतड़ी (झुन्झुनू)